੧ਓ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ ॥

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)

Punjab & Sind Bank
(A Govt. of India Undertaking)

जहाँ सेवा ही जीवन-ध्येय है

Where service is a way of life

वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा बैंक के प्रधान कार्यालय का राजभाषाई निरीक्षण

वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा दिनांक 15.03.2022 को बैंक के प्रधान कार्यालय में राजभाषा संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के लिए वित्तीय सेवाएं विभाग से श्री भीम सिंह, उप निदेशक (राजभाषा) तथा श्री सर्वेश कुमार मिश्रा, सहायक निदेशक (राजभाषा) विशेष रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम, बैंक के महाप्रबंधक सह मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री कामेश सेठी ने बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुरूप वित्तीय सेवाएं विभाग के प्रतिनिधियों को किताब भेंट करके उनका विधिवत् स्वागत किया।

स्वागतोपरांत निरीक्षण संबंधी आगे की कार्रवाई हुई। श्री भीम सिंह, उप निदेशक (राजभाषा) ने तैयार की गई निरीक्षण प्रश्नावली तथा प्रश्नावली में दी गई जानकारी की पुष्टि के लिए संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया। उन्होने मुख्य राजभाषा अधिकारी से प्रश्नावली में दिए गए आंकड़ों के संबंध में प्रति–प्रश्न भी किए।

उप निदेशक (राजभाषा) को बैंक में राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी कार्यों तथा नवाचार से अवगत कराया गया। उन्होनें बैंक में राजभाषा कार्यों पर संतोष व्यक्त किया तथापि बैंक को शत–प्रतिशत हिंदी पत्राचार के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निर्देश दिए।



अंत में बैंक के मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री कामेश सेठी जी ने राजभाषा कार्यान्वयन हेतु मार्गदर्शन के लिए श्री भीम सिंह, उप निदेशक (राजभाषा) तथा वित्तीय सेवाएं विभाग के अन्य प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।